C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:22 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:28 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 125 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 6 नवंबर 2024

पुलिसिया स्वैग में नजर आई...पेज-3 पर

## नरकोटा-सुमेरपुर की 9.4 किमी लंबी मुख्य सुरंग हुई आरपार

रुद्रप्रयाग

हमारे संवाददाता

नरकोटा से सुमेरपुर तक यह मुख्य सुरंग है। इतनी ही लंबाई की एस्केप टनल भी बनाई गई है, जिसे चरणबद्ध तरीके से दो माह पूर्व आरपार किया जा चुका है।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग ब्रॉड गेज 125 किमी लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन की तीसरी सबसे लंबी 9.4 किमी मुख्य सुरंग नरकोटा-सुमेरपुर सफलतापूर्वक आरपार कर दी गई है। मेघा कंपनी ने जून 2021 में सुरंग का कार्य शुरू किया था। कार्यदायी कंपनी ने आठ सौ मजदूरों की मदद से तीन वर्ष और चार माह में सुरंग को आरपार कर दिया है। नरकोटा से सुमेरपुर तक 20 किमी लंबी मुख्य व एस्केप टनल बनाई गई हैं।

बीती रात्रि को मेघा कंपनी के मजदूरों ने सुरंग के अंतिम छोर पर विस्फोट कर उसे आरपार किया। इस उपलब्धि पर अधिकारियों ने सभी मजदूरों व कर्मचारियों को बधाई दी। मेघा कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि नरकोटा से सुमेरपुर तक यह मुख्य सुरंग है। इतनी ही लंबाई की एस्केप टनल भी बनाई गई है, जिसे चरणबद्ध तरीके से दो माह पूर्व आरपार किया जा चुका है। मेगा कंपनी के मुख्य




परियोजना प्रबंधक एचएन सिंह ने बताया कि रेल लाइन परियोजना की यह तीसरी बड़ी सुरंग है। इसके निर्माण में कई दिक्कतें भी आईं, लेकिन उनका सफलतापूर्वक सामना किया गया।

## News कॉर्नर

### वाहन चोरों ने बाइक पर किया हाथ साफ

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है वाहन चोरों ने पुलिस की चौकसी की पोल खोलते हुए एक मोटरसाइकिल पर हादसा किया है वाहन स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर बाइक चोर को पकड़ने की गुहार लगाई है पुलिस ने अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। सौंपी तहरीर में राकेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र चांदनी चौक देवल चोड़ रामपुर रोड ने कहा है कि उसकी बाइक उसका दोस्त 20 सितंबर को मांग कर ले गया था उसने बाइक बरेली रोड स्थित नागपाल टावर के पास खड़ी की थी जब वह दूसरे दिन सुबह बाइक लेने गया तो वहां से बाइक गायब थी आसपास के लोगों से बाइक के बारे में जानकारी दिखाइए लेकिन बाइक नहीं मिली मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की उसकी तलाश शुरू कर दीजिए कोतवाल राजेश कुमार कहना है कि जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे उसका कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे फुटेज देखी जा रही है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा तलवार लहरा कर समाज में भय व्याप्त करने वाला

**रुद्रपुर।** तलवार लहराकर समाज में भय व्याप्त करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने तलवार के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तलवार भी बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार दीपावली पर्व के दौरान एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में मौहल्ले में तलवार लहरा कर भय व्याप्त करने की कोशिश की थी। तलवार लहराते सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हुआ था। उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चौकी रम्पुरा पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ शेट्टी पुत्र सेवाराम निवासी वार्ड 22 रम्पुरा हाल निवासी प्रीत विहार कालोनी को अवैध तलवार के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी व महेंद्र कुमार शामिल थे।

राष्ट्रपति चुनाव में जीत के करीब ट्रंप

## राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

वॉशिंगटन

एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार 5 नवंबर को वोटिंग हुई। इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस के बीच मुख्य मुकाबला था।

फिलहाल मतगणना जारी है और ट्रंप निर्णायक जीत की तरफ बढ़ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप को 267 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिल चुके हैं और उन्हें जीत के लिए अब सिर्फ तीन इलेक्टोरल कॉलेज वोट ही चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप विस्कोंसिन और मिशिगन में बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं कमला हैरिस ने मिनेसोटा में जीत दर्ज की है। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय होने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के करीब पहुंचने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान अपने परिवार का शुक्रिया अदा किया। साथ ही चुनाव में उनके लिए काम करने वालों की मेहनत का भी जिक्र किया। इस बीच उन्होंने अरबपति कारोबारी एलन मस्क का भी जिक्र किया। ट्रंप ने कहा कि वह एलन मस्क से प्यार करते है और उनके समर्थन के लिए आभार जताते हैं।



## चार माह में मंगल पड़ाव से मीट की दुकानों को विस्थापित करने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में नगर निगम द्वारा मीट मार्केट से अतिक्रमण हटाने को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने नगर निगम और सरकार से 4 माह में मीट की दुकानों को विस्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता टी.ए.खान ने कोर्ट को अवगत कराया कि प्रशासन और नगर निगम ने अतिक्रमण को हटाने के लिए उन्हें 31 मार्च को नोटिस दिया और 4 अप्रैल को वहां से स्वयं अतिक्रमण हटा दिया गया जबकि नोटिस जारी होने के तुरंत वे कोर्ट में याचिका दायर कर चुके थे। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी विजय पाल सिंह एवं अन्य ने याचिका दायर कर कहा है कि वे वर्ष 1960 से उक्त स्थान पर मीट का कारोबार करते आए हैं। नगर निगम द्वारा उन्हें मीट कारोबार के लिए



इसका लाइसेंस भी दिया हुआ है। हल्द्वानी जब नगर पालिका थी तो उस समय नगर पालिका ने दो मीट मार्केट चोरगलिया और रामपुर रोड पर बनाई थी और उसका संचालन नगर पालिका करती थी। नगर निगम बनने से इस स्थान पर निगम द्वारा पक्की दुकानें बनाकर अन्य को दे दी गई। उसके बाद मीट कारोबारियों को मंगल पड़ाव शिफ्ट कर दिया गया। तब से वे इस स्थान पर मीट का कारोबार करते आ रहे हैं। निगम द्वारा उन्हें 31 मार्च 2024 को नोटिस दिया गया और 4 अप्रैल 2024 को ध्वस्तीकरण के आदेश दे दिए गए और उन्हें सुनवाई के लिए मौका तक नहीं दिया गया। याचिकाकर्ताओं का कहना है जब तक उन्हें अन्य जगह पर विस्थापित नहीं जाता तब तक उन्हें इस क्षेत्र में मीट का कारोबार करने की अनुमति प्रदान की जाए।

## गोल्ज्यू सन्देश यात्रा का खटीमा, रुद्रपुर में भव्य स्वागत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

अपनी धरोहर संस्था द्वारा आयोजित श्री गोल्ज्यू सन्देश यात्रा का गोल्ज्यू मंदिर से भव्य शुभारंभ हुआ। यात्रा दूसरे दिन खटीमा व रुद्रपुर पहुंची जहाँ यात्रा का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा यहाँ से हरिद्वार रवाना होंगी और गढ़वाल में प्रमुख स्थानों के बाद कुमाऊ मंडल में प्रवेश करेगी। संस्था अध्यक्ष विजय भट्ट, यात्रा संयोजक सतीश पांडेय द्वारा पूजा अर्चना की गयी। स्थानीय महिलाओ ने कुमाउनी परिधान के साथ यात्रा का स्वागत किया और पूरा वातावरण न्याय के देवता गोल्ज्यूमय हों उठा। आज 6 नवम्बर को यात्रा हरिद्वार पहुंचेगी। 21 दिवसीय यात्रा के 20 पड़ाव है और 24 नवम्बर को यात्रा चम्पावत पहुँच कर यात्रा का समापन होगा। यात्रा का 22 नवंबर को हल्द्वानी आगमन होगा।



## 24वां शरदोत्सव मेले का तीसरा दिन सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विकास सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पारंपरिक चार दिवसीय 24वां शरदोत्सव मेला हल्द्वानी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्तरांचली व फिल्म स्टार नाइट का आयोजन के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ, पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक सुरेश राठौर, भाज पा नेता साकेत अग्रवाल अग्रवाल डॉक्टर आशुतोष पंत ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया।

मल्लिका लोक कला सांस्कृतिक समिति निर्देशक रितेश जोशी टीम द्वारा प्रस्तुति उत्तराखंड की मशहूर नृत्यांगना एंड एक्ट्रेस हर्षिता कोहली लोग गायिका सीमा मेलकनी उत्तराखंड के प्रसिद्ध फनकार महेंद्र सिंह भैसोड़ा जेएमबि प्रोडक्शन यूके की प्रस्तुति गोविंद जोशी, साहिल शंभू,



एसकेएम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी के छात्राओं द्वारा लोक नृत्य एवं हर्षिता रावत द्वारा सोलो नृत्य नृत्य बॉलीवुड सिंगर सुनीता कपूर सिंगर अमिताभ सक्सेना लोग गायक गौरव जयसवाल बाजेला पिथौरागढ़, सांची वर्मा नृत्यांगना अल्मोड़ा, प्रसिद्ध गीत क्रीम पाउडरा एवं गुलाबी शरारा के कोरियोग्राफर और डांसर अंकित कुमार, लोक गायक जगदीश चंद्र उपाध्याय वैशाली तोलिया, गीता बगडवाल, पूजा सामंत, अंजलि धामी का नृत्य स्वागत समिति की प्रियंका कपिल की प्रस्तुति नृत्य मुकेश आर्यन का हनुमान चालीसा नृत्य समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता निर्देशक विक्की योगी ने कहा कि 6 नवंबर तक चार दिवसीय शरदोत्सव मेला हल्द्वानी सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेंगे योगी ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को जीवन्त रूप देने संस्कृति पर्यटन फिल्म का प्रचार प्रसार करने वह स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्यों को लेकर मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा विगत 23 वर्षों से आयोजित किया जाता आ रहा है समिति में ,प्रभारी स्वागत समिति माही महिमा नंदा, संयोजक जीएस रावत, कौस्तुभ चंदोला, संयम मल्होत्रा दीपक कुमार, गिरीश चंदोला , सरोज बिष्ट, आशा रावत ,सचिन टमटा , पूर्व प्रधान महेश जोशी, मुकेश अग्रवाल दिनेश जोशी आदि पदाधिकारी हैं समिति के पदाधिकारीयो ने जनता से अपील की 6 नवंबर को अंतिम दिन बॉलीवुड सिंगर इंडियन आइडल फिल्म मोना भट्ट द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे कि आप सभी कार्यक्रम में पधार कर कलाकारों का मनोबल जरूर बढ़ाएं।

# छात्र संघ चुनाव को लेकर निकाली शव यात्रा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित किए जाने और आगामी परीक्षाओं की तिथि में बदलाव की मांग को लेकर बुधवार को छात्र नेताओं ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में जमकर नारेवाजी करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के पुतले की शव यात्रा निकाली।

इस दौरान छात्र छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द चुनाव की तिथि घोषित नहीं की तो छात्र नेता आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन कि होगी।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत कि शव यात्रा निकाल पुतला दहन किया। कोई अनहोनी ना हो जिसके लिए भारी पुलिस फोर्स व जिला प्रशासन तैनात रहा। पुलिस प्रशासन व छात्र नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक रही।



इसी दौरान जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने वहा मौजूद धरने पर बैठे छात्र नेताओं को जबरन उठाया। इसी दौरान वहां मौजूद छात्र नेताओं ने जमकर नारेवाजी कि। इस दौरान छात्रों का कहना है जब तक छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं होगी तो उग्र आंदोलन कर भूख हड़ताल किया जाएगा। इस दौरान एसडीडुएम प्रमोद कुमार, सीओ प्रमोद साह, कोतवाली प्रभारी हरपाल सिंह समेत पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। इस दौरान करन सती, करन दनाई,आशीष कब्डवाल, अभिषेक कुमार, मोनिका, अंशुल, कमल, शार्दुल, वैष्णवी, विशाल बिष्ट, हर्षित अधिकारी, प्रशांत मेहरा, भास्कर जोशी, संजय, आयूष, तनीशा, जिया, अरमान, योगेश रावत समेत अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### नगर के दर्शनीय स्थलों में पर्यटकों की भीड़

**नैनीताल** । मंगलवार को भी खराब मौसम के बाद दिनभर नगर के दर्शनीय स्थलों में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली। बता दें नगर में दीपावली के अवकाश के बाद से लगातार पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अबकी बार पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही की वजह से पर्यटन कारोबार से जुड़े सभी छोटे बड़े व्यवसायी भी खासे राहत में हैं। संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले एक दो दिनों तक पर्यटकों की संख्या में और अधिक इजाफा होगा। फिलहाल देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने मंगलवार को नैनी झील में नौका विहार का आनंद लेने के साथ ही केव गार्डन, हिमालयन बाटनिकल गार्डन, वुडलैंड वाटर फाल, स्नोव्यू, किलबरी, हिमालय दर्शन तथा हनुमानगढ़ी समेत अन्य रणमीक स्थलों के दीदार किए।

### युवक को शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक युवक को शराब पीकर वाहन चलाना महंगा साबित हो गया। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराकर युवक के खिलाफ 185 में कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल पुलिस की ओर से क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने ऑल्टो कार को रोका। अल्टो कार के युवक से पूछताछ करने के लिए जैसे ही पुलिस उसके करीब गई तो शराब की महक आने लगी। पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो वह शराब पिया था। जिस पर पुलिस नर तुरंत युवक का मेडिकल कराया। मेडिकल में शराब पीने की पुष्टि होने पर युवक को गिरफ्तार कर हवालात कर दिया। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर कालाढूंगी निवासी पवन बिष्ट के खिलाफ 185 के तहत कार्रवाई करते हुए उसका वाहन सीज कर दिया है।

### प्रो. संजय को रेक्टर कुलाधिसचिव नियुक्त किया



**नैनीताल**। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व छात्र प्रो. संजय कुमार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू का रेक्टर कुलाधिसचिव नियुक्त किया गया है। प्रो. कुमार ने विश्वविद्यालय के रेक्टर पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने अपनी शिक्षा नैनीताल के प्रतिष्ठित कुमाऊं विश्वविद्यालय से की है जहाँ उन्होंने भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उनके काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रेक्टर बनने पर कुमाऊं विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. संजय कुमार की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उनकी नियुक्ति न केवल कुमाऊं विश्वविद्यालय बल्कि सम्पूर्ण उत्तराखंड के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान है। उनके कार्यकाल के दौरान उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों को देखने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रो. कुमार का यह पद कुमाऊं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेगा। कुमाऊं विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रो. संजय कुमार के सहपाठी प्रो. संजय पन्त ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के छात्रों और पूर्व छात्रों के लिए यह एक गर्व का क्षण है। प्रो. संजय कुमार की शिक्षा और कार्यकाल की यात्रा छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रो. संजय कुमार की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### कार अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलटी, बाल-बाल बचे

**नैनीताल**। वीरभट्टी क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग व चालक बाल-बाल बचे। राहगीरों की मदद से कार को सीधा कर यातायात सुचारु किया गया। जानकारी के अनुसार काशीपुर निवासी रवि कुमार मंगलवार को अल्मोड़ा जा रहा था। इस दौरान कार में दो अन्य लोग भी सवार थे। वीरभट्टी पुल के समीप अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पहाड़ी से टकराकर सडक़ पर ही पलट गई। हादसे में अर्पण के सिर पर जबकि अन्य दो लोगों को मामूली चोटे आई। हादसा होता देख राहगीरों ने मदद कर किसी तरह कार को सीधा किया। ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि सूचना मिलने तक राहगीरो ने चोटिलों को ज्योलीकोट में उपचार दिलाकर उनको भेज दिया।




# देर शाम हल्की बूंदा-बांदी से ठंड में हुई बढोत्तरी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

छात्र संघ चुनाव को लेकर अभी राज्य सरकार का कोई भी स्पष्ट रुख नहीं है और छात्र संघ चुनाव की तैयारी कर रहे संभावित प्रत्याशीयो और उनके समर्थक छात्र नेताओं में इसको लेकर आक्रोश है। कुमायूं के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी में आज भी भूख हड़ताल जारी रहीं। आज छात्र संघ अध्यक्ष की तैयारी कर रहे रक्षित बिष्ट आज भूख हड़ताल में बैठे। उनको महाविद्यालय के विद्यार्थियों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहाँ कि छात्र संघ चुनाव हमारा मौलिक अधिकार है, राज्य सरकार इस विषय पर गुमराह कर रहीं है। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करें तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। छात्र संघ चुनाव को लेकर सभी छात्र संगठन भी मुखर है और सभी की सरकार से जल्द से जल्द चुनाव की मांग है। कॉलेज प्रशासन द्वारा प्रशासन को सूचित कर महाविद्यालय में स्वास्थ्य टीम के लिये लिखित पत्र दिया गया है जो समय समय पर भूख हड़ताल में बैठे छात्रों का स्वास्थ्य परिक्षण करें। भूख हड़ताल में छात्र नेता उमाशंकर तिवारी, अजय कुमार आदि रक्षित बिष्ट के समर्थन में बैठे।

# सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की बैठक मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनहित संस्था के वरिष्ठ सदस्य तथा रायल होटल कम्पाउन्ड मल्लीताल निवासी नजर अली का स्वास्थ्य उपचार के दौरान निधन हो जाने के कारण इस दुःखद घड़ी में जनहित संस्था नैनीताल उनके शोक संतप्त परिवार के साथ श्रद्धांजली अर्पित की।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत नजर अली द्वारा जनहित संस्था के अनेकों कार्यक्रमों में उत्तम भागीदारी को संस्था हमेशा याद रखेगी। कहा कि नजर अली अपने पिछले टीवी कलाकार नूरी परवीन व एक पुत्र को छोडक़र दिवंगत हो चुके हैं।

जनहित संस्था के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखकर शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस दुःखद स्थिति को सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें।दिवंगत आत्मा की शोक सभा में श्रद्धांजली अर्पित करने वालों में अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी के अलावा संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अशोक साह, उपाध्यक्ष दिव्या साह समेत महासचिव महेश चन्द्र आर्य, कोषाध्यक्ष मनोज सनवाल समेत वकीलुदीन, भुवन कुमार, वकील अहमद, भोला दत्त तिवारी, अमित रस्तोगी, प्रमोद सचदेवा तथा विजय साह इत्यादि उपस्थित थे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक


**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


# रुद्रपुर के जितेंद्र यादव सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित यादव ने रुद्रपुर निवासी पूर्व पार्षद जितेंद्र कुमार यादव को जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जितेंद्र को नियुक्त पत्र भेजा है।

प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भेजा गया नियुक्त पत्र में कहा कि संगठन की मजबूती के लिए काम करना है और संगठन में सक्रिय व निष्ठावान कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करना है। ताकि जनपद में संगठन मजबूत के साथ खड़ा हो सके। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। इधर सपा युवजन सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार यादव ने प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे वह निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास किया जाएगा। संगठन में स्वच्छ छवि के कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। जितेन्द्र को जिलाध्यक्ष बनने पर समर्थकों ने बधाई दी।



**जिम्मेदारी**

- प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया नियुक्त पत्र, संगठन की मजबूती पर जोर देने का आहवान

# मार्चुला बस दुर्घटना पर शोक सभा आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा जिले के मार्चुला के निकट सोमवार को हुए भीषण बस दुर्घटना पर विभिन्न संगठनों ने गहरा दुःख जताया है।

उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल की नगर इकाई द्वारा मरचूला में जीएमओ यूनियन यात्री बस दुर्घटना में यात्रियों की असमायिक मृत्यु पर मंगलवार को नगर कार्यालय में शोक सभा आहुत की गई। सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस हृदय विदारक दुर्घटना में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना वयक्त की गई और घायल यात्रियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि इस भीषण बस दुर्घटना में काफी संख्या में युवा व बच्चों की मृत्यु हुई है जोकि अपूर्णीय क्षति है और दुर्घटना की पूर्ण जिम्मेदारी बीजेपी की सरकार को लेनी चाहिए। कहा कि यदि सरकार को लोंगो की जरा भी चिंता होती तो पर्वतीय क्षेत्रों में लचर परिवहन वयवस्था नहीं होती। पहाड़ के जर्जर मार्ग दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं उन्होंने कहा मृतकों के परिवारों को दस लाख मुआवजा दिया जाए और घायलों को उत्कृष्ट इलाज की वयवस्था की जाए, जांच में खानापूर्ति न कर ठोस निर्णयों को धरातल पर उतारा जाय। पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण ने कहा कि मोटरयान अधिनियम में सारी वयवस्था है लेकिन इसे लागू करने वाली संस्थाएं अपना काम पैशेवर ढंग से नहीं करती। पार्टी के संस्थापक सदस्य अम्बा दत्त बवाड़ी ने कहा कि इस भीषण मार्ग दुर्घटना में राहत व बचाव की तैयारी ने पूरे तंत्र को आयना दिखा दिया है। शोक सभा में मदन बगडवाल समेत वरिष्ठ नागरिक गिरीश चंद्र आर्य, विजय साह तथा वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने भी अपने विचार रखे।

दूसरी ओर जनपद अल्मोड़ा में हुई दर्दनाक बस दुर्घटना पर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। कूटा ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा श्रद्धांजलि दी। कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत दुखद है। कूटा के महासचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि यह घटना हमें सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करती है। कूटा ने पीडित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की।

### दुःखद घटना से पूरा विभाग शोक में संतृप्त

कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर स्थित भेषज विज्ञान विभाग के बी. फॉर्म प्रथम वर्ष के छात्र सिद्धि विनायक के देहांत पर परिसर की समस्त गुरुजनों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शोक की लहर है। सभी ने दुःख व्यक्त करते हुए परिसर में शोक सभा का आयोजन किया और सभी ने छात्र की असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उसकी आत्मा की शांति और परिवार को शक्ति प्रदान करने की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिता सिंह ने बताया कि सिद्धि विनायक पौड़ी गढ़वाल का निवासी था एवं दीपावली अवकाश के बाद छात्र वापस आ रहा था इसमें मार्ग में यह दुःखद घटना हुई जिससे पूरा विभाग शोक संतृप्त है।

# अभिमत

## संविधान की गरिमा

***सत्ता से वंचित रहने पर भी भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतियों और सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है। जम्मू-कश्मीर में पहली बार भारतीय संविधान के नाम पर मंत्रिमंडल ने शपथ ली है। इससे पहले राज्य का अलग संविधान था। केन्द्र सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 और धारा 35ए को समाप्त किये जाने से भारतीय संविधान की गरिमा को जम्मू-कश्मीर में बहाल करना संभव हुआ है। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने का वायदा किया था। यह अब संभव नहीं है।***

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने केन्द्र सरकार और भाजपा के खिलाफ आरोप लगाने और वायदे करने की भरमार कर दी। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति से समाज का छोटा सा तबका कुछ समय के लिए भ्रमित हो सकता है, लेकिन बाद में उसे केन्द्र सरकार की राष्ट्रहित व जनहित की नीतियों पर भरोसा हो जाता है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और सहयोगी दल की सरकार बनने से कांग्रेस अपनी जीत समझ रही है। सत्ता से वंचित रहने पर भी भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतियों और सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है। जम्मू-कश्मीर में पहली बार भारतीय संविधान के नाम पर मंत्रिमंडल ने शपथ ली है। इससे पहले राज्य का अलग संविधान था। केन्द्र सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 और धारा 35ए को समाप्त किये जाने से भारतीय संविधान की गरिमा को जम्मू-कश्मीर में बहाल करना संभव हुआ है। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने का वायदा किया था। यह अब संभव नहीं है। आजादी के बाद सात दशक तक भारत का अभिन्न अंग होते हुए कश्मीर में अलगाववादी सक्रिय थे। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से कश्मीर में हिंसा से जनजीवन त्रस्त था। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पर्यटन और उससे जुड़ा कारोबार प्रभावित हो रहा था। किशोर और युवाओं को भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए उनके हाथ में पुस्तक देकर शिक्षित करने की जगह पत्थर देकर सुरक्षा बलों पर फेंकने के लिए कहा जाता था। पिछले दस साल से जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन के दौरान केन्द्र सरकार ने अलगाववादियों और आतंकवादियों पर नियंत्रण करने के साथ ही बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक के जीवन में बदलाव का प्रयास किया। हिंसा के कारण कर्फ्यू लागू करना पड़ता था। शिक्षण संस्थान बंद करने पड़ते थे। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करके स्कूल खोले गये। शैक्षणिक कार्य संचालित किया गया। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किये गये। अलगाववादियों को हिंसा के लिए मिलने वाली विदेशी फंडिंग पर रोक लगाई गई। अलगाववादियों के खाते सीज किये गये। अलगाववादियों पर शिकंजा कसने से उनके पास धन नहीं आ पाया। पत्थरबाजी करने वालों को अलगाववादी पैसा नहीं दे सके। सुरक्षा व्यवस्था बहाल होने से देश-विदेश के पर्यटक निडर होकर कश्मीर के प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित होकर पहुंच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की सरकार के लिए कानून व्यवस्था कायम रखना बहुत बड़ी चुनौती है। केन्द्र सरकार से प्रतिद्वंदिता त्यागकर सहयोगी भावना से काम करने की अपेक्षा है।

# कुमाऊं विवि के विरुद्ध दुष्प्रचार के खिलाफ भारी रोष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ द्वारा एक यू-ट्यूब चैनल द्वारा लगातार कुमाऊं विश्वविद्यालय के विरुद्ध किए जा रहे दुष्प्रचार के खिलाफ भारी रोष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारी नेता के प्रति किए जा रहे अनर्गल प्रचार पर भी घोर आपत्ति जाहिर की है।

महासंघ की कार्यकारिणी की हुई आपात बैठक की जानकारी देते हुए अध्यक्ष आनंद सिंह रावत एवं महामंत्री दीपक जोशी ने बताया कि विगत कुछ समय से एक यूट्यूब चैनल द्वारा लगातार कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है एवं जिस पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई खंडन तक नहीं देना गलत है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने एकमत से इस दुष्प्रचार का विरोध किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि वह उक्त यूट्यूब चैनल के विरुद्ध तत्काल विधिक कार्रवाई प्रारंभ करे और ऐसे समाचारों का खंडन जारी करें।



पदाधिकारियों ने बताया कि चैनल ने कुछ दिन पूर्व दुष्प्रचार के अपने नए संस्करण में विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ कर्मचारी और उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत के विरुद्ध भी अनर्गल बयानबाजी की है जो कि मिथ्यापूर्ण और पूर्णत असत्य है जिसके चलते विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में भारी रोष है। बैठक में सर्वसम्मति से उक्त चैनल द्वारा लगातार किए जा रहे दुष्प्रचार पर विश्वविद्यालय द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के उपरांत महासंघ द्वारा विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मंगल सिंह मंद्रवाल को एक पत्र दिया जिसमें संगठन द्वारा उक्त के दृष्टिगत तीन सूत्रीय मांग पत्र देते हुए कहा गया है कि चैनल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करने के साथ उसके दुष्प्रचार का खंडन विश्वविद्यालय द्वारा तुरंत जारी किया जाए और ऐसा न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और परिसर के कर्मचारी द्वारा 8 नवंबर (शुक्रवार) से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

इधर उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत द्वारा संबंधित चैनल को विधिक नोटिस भेज दिए जाने की जानकारी भी दी गई। बैठक में कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सिंह रावत, महामंत्री दीपक जोशी सहित उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष विपिन चंद्र, संगठन मंत्री नवल किशोर बिनवाल, डीएसबी परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, सचिव राजेंद्र सिंह ढैला समेत मनीष कुमार भीमताल परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भगवान चंद्र ध्यानी, प्रशासनिक भवन कर्मचारी संघ के कोषाध्यक्ष तारा सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्य डॉ .लक्ष्मण सिंह रौतेला, जगदीश चंद्र पपने, दीपक सिंह बिष्ट, प्रकाश पाठक, पूरन गुरुरानी, नंदा बल्लभ पालीवाल, जयप्रकाश मिश्रा, मोहन सिंह बिष्ट, डॉ नीरज साह सहित कैलाश जोशी, देवेंद्र कुमार, खेमराज बिष्ट, उमेश चंद्र जोशी ,नरेंद्र नैनवाल, मनीष जोशी तथा अनिल देव सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नैनीझील में तैराकी करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** जीवनदायिनी नैनी झील में प्रतिबंध के बाद भी तैराकी करना 6 युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने नैनी झील में तैराकी करने वाले 6 युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि नैनीझील में डूबने से हर साल कई लोगों की जान जाती हैं। जिसको देखते हुए झील में तैराकी करने पर प्रतिबंध है। लेकिन प्रतिबंध के बाद भी झील में चोरी छिपे कई लोग रोजाना तैराकी करते हैं। पुलिस की ओर से युवकों से कई बार झील में तैराकी नहीं करने की अपील की। लेकिन युवक तैराकी करते रहे। मंगलवार को भी सुबह साढ़े आठ बजे नगर के कई युवक फांसी गधेरा क्षेत्र में तैराकी कर रहे थे। गश्त में निकले एसआई सतीश उपाध्याय ने युवकों को तैराकी करते पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि झील में प्रतिबंध के बाद भी तैराकी करने पर चार्टन लॉज निवासी विक्रम आर्य समेत मनीष बिष्ट, सात नंबर निवासी कमल किशोर तथा बड़ा बाजार निवासी करण वर्मा तथा माउंटरोज कम्पाउंड निवासी सागर देवराडी व जीआईसी क्षेत्र निवासी अभिषेक ज्ञान के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# जनता दरबार: ब्याज का लालच देकर 74 महिलाओं से हड़पे 50 लाख के गहने

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लालकुआं क्षेत्र की कुछ महिलाओं द्वारा गांव की 74 महिलाओं से लगभग 50 लाख के जेवर हड़पने की शिकायत मंडलायुक्त दीपक रावत के जनता दरबार में पहुंची। पीड़िताओं से पूरी बात समझने के बाद आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया है। लालकुआं क्षेत्र की कुछ महिलाओं द्वारा गांव की 74 महिलाओं से लगभग 50 लाख के जेवर हड़पने की शिकायत मंडलायुक्त दीपक रावत के जनता दरबार में पहुंची। पीड़िताओं से पूरी बात समझने के बाद आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने हुए सभी पक्षों को अगली जनसुनवाई पर तलब किया है।

आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई में शिकायत मिली कि लालकुआं क्षेत्र की गीता, रेखा, राखी व सोनम आदि महिलाओं ने क्षेत्र की लगभग 74 महिलाओं से उनके सोने के आभूषण जमा कराए थे। उन्हें मोटा ब्याज दिलाने का लालच दिया गया था। लगभग 50



लाख के गहने एक ज्वेलर्स के यहां गिरवी रखे गए। एवज में मिली धनराशि को ब्याज एवं प्रापर्टी आदि में लगा दिया गया। पीड़िताओं ने बताया कि अब उन्हें न तो गहने वापस किए जा रहे हैं और न ही ब्याज की धनराशि दी जा रही है। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयुक्त ने उन्हें अगली जनसुनवाई में तलब किया।

आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे अपनी धनराशि का निवेश सरकारी बैंकों एवं सरकारी संस्थाओं में ही करें। अधिक लालच के चक्कर में न पड़ें। अधिक धन कमाने के लालच के कारण लोगों के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सभी को सचेत रहने की जरूरत है। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने काशीपुर निवासी रहीम को उसके द्वारा बेची गई गाड़ी के बकाया दो लाख रुपये तुफैल से दिलवाए। वहीं महिपाल सिंह अधिकारी ने आयुक्त को बताया कि उन्होंने हल्द्वानी के बमौरी तल्ली खाम में 3600 वर्ग फुट भूमि खरीदी थी। एग्रीमेंट के हिसाब से 25 लाख की धनराशि शिव सिंह नयाल को दी। नयाल ने रजिस्ट्री नही की लेकिन 16 लाख रुपये वापस कर दिए। शेष नौ लाख वापस नहीं किए। आयुक्त ने कहा कि यदि नयाल नौ लाख रुपये वापस न करें तो उसके खिलाफ लैंड फ्रॉड एक्ट के तहत कार्रवाई होगी।

## फिल्मी दुनिया

# पुलिसिया स्वैग में नजर आईं दीपिका पादुकोण



*सिंघम अगेन के निर्माताओं ने फिल्म के प्रदर्शन को देखते हुए दीपिका पादुकोण के किरदार के लिए एक विशेष ट्रैक रिलीज किया है। 'लेडी सिंघम' नाम के इस ट्रैक में दीपिका अपना पुलिसिया स्वैग दिखाती हुई नजर आती हैं। रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। फिल्म को लेकर प्रशंसकों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 153.37 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। सिंघम अगेन की सफलता के बाद, निर्माताओं ने लेडी सिंघम नाम का एक नया ट्रैक जारी किया है, जिसमें दीपिका पादुकोण पुलिस अधिकारी शक्ति शेट्टी की शक्तिशाली भूमिका में नजर आ रही हैं। एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, रुतबा कड़क, किरदार बेधड़क। निर्माताओं ने फिल्म के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए दीपिका पादुकोण के 'लेडी सिंघम' अवतार के लिए एक विशेष ट्रैक रिलीज किया है। इस ट्रैक में 'लेडी सिंघम' बैकग्राउंड में बज रहा है और 'शक्ति शेट्टी' (दीपिका पादुकोण) अपने पुलिसिया स्वैग में नजर आ रही हैं। संतोष वेंकी द्वारा गाए गए इस ट्रैक में रवि बसरूर का संगीत और कुमार के बोल हैं, जो दीपिका के साहसी और उग्र पुलिस अधिकारी व्यक्तित्व को बखूबी दर्शाते हैं। अजय देवगन, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी इस फिल्म ने अपनी स्टार पावर के चलते काफी ध्यान आकर्षित किया है।*

### एक्शन सीक्वेंस भी दिखा

*ट्रैक के शुरुआत में दीपिका अपनी पुलिस कार से स्टाइल में उतरती हैं, जैसे अजय देवगन सिंघम में एंट्री लेते हैं। ट्रैक में दीपिका और अजय के क्लिप बारी-बारी से दिखाए गए हैं, जिससे उन दोनों की समानताओं के प्रदर्शित किया जा सके। इस ट्रैक में दीपिका का डायलॉग मैं सिंघम नहीं लेडी सिंघम है रे भी सुनने को मिलता है। फिल्म के अन्य एक्शन दृश्यों के साथ दीपिका का एक्शन सीक्वेंस भी देखने को मिलते हैं।*

# महिला ने किया पति के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज मांगने का मामला दर्ज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक महिला ने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज मांगने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुर रोड गली नंबर 5 निवासी शीतल पाठक पत्नी अमन शर्मा पुत्री हरीश चंद्र पाठक ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 20 अगस्त 2021 को हिंदू रीति-रिवाज से अमन शर्मा पुत्र खेमचरण शर्मा निवासी सी91सी ब्लॉक मेरठ के साथ हुआ था। उसने बताया कि उसका विवाह रामनगर के गर्जिया मंदिर में हुआ था विवाह के उपरांत दान दहेज व स्वर्ण आभूषण के साथ चार लाख रुपए की नगदी व दहेज में काफी सामान दिया था, लेकिन उसका पति इससे संतुष्ट नहीं था। शीतल ने आरोप लगाया कि उसे दहेज में नगदी अधिक न मिलने से उसका पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता था। गंभीर आरोप लगाते हुए शीतल ने कहा कि उसके पति ने अप्राकृतिक मैथुन का सहारा लिया, जिसके बारे में उसने सास से शिकायत की, लेकिन उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। शीतल ने बताया कि उसका पति अश्लील वीडियो वह फोटो दिखाकर संबंध बनाने की बात करता था जब वह मना करती तो उसके साथ मारपीट वह गाली गलौज करता , शीतल ने अपने पति की हरकतों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उसके ससुराल वालों ने उसे समझा-बुझाकर माफी मांगने का प्रयास किया। निदा ने कहा कि इसके बाद उसने अपने पति के साथ एक अलग किराए के मकान में रहने का निर्णय लिया, वहां भी उसके पति ने अपनी हरकतें नहीं छोड़ी और नाही हालात में सुधार आया। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दि है।

## News कॉर्नर

### समाजसेवियों ने लावारिस का दाह संस्कार कराया

**हल्द्वानी।** समाजसेवी हेमंत गोनिया संतोष बल्यूटिया अमित रस्तोगी हरिश्चंद्र जोशी वंश गोनिया के सहयोग से रानी बाग इलेक्ट्रिक मशीन रानी बाग हल्द्वानी में समस्त दाह संस्कार के समान के साथ पुरुष लावारिस का दाह संस्कार किया गया लावारिस पुरुष की आत्मा ना भटके समाजसेवियों ने डेढ़ साल में अब तक 195 लावारिस लाशों का दाह संस्कार कर दिया है पूर्व से लेकर अब तक अनगिनत लावारिस शवों का दाह संस्कार कर चुके हैं समाज का हर वर्ग मदद व सहयोग कर सकता हैं हमें तो पैसा नहीं दाह संस्कार का सामान चाहिए व लकड़ी चाहिए एंबुलेंस का किराया चाहिए और आप लोग पुण्य के भागीदार बने समाज हित पर यही सच्ची मानवता है 98972 13226 पर संपर्क करें यह अज्ञात की उम्र 42 साल लावारिस को 3 दिन के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज सुशीला तिवारी के मोर्चरी हाउस पर रखा गया था उसके परिजन नहीं मिलने पर आज इसका पंचनामा भरकर दाह संस्कार कराया गया है।

### फरार वारंटी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में चोरी कर मामले में फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से वारंटी को कोर्ट में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार 2023 में स्टाफ हाउस मल्लीताल निवासी मुकेश कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 व 411 के तहत एक मुकदमा दर्ज किया था। लंबे समय से कोर्ट में पेश न होने के चलते कोर्ट ने उक्त के खिलाफ गैर जमानती वारंटी जारी किया था। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मल्लीताल बाजार से युवक को गिफ्तार किया है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि स्टाफ हाउस निवासी मुकेश को कोर्ट में पेश किया गया है।

# दीपाली को एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल मिलने पर किया सम्मानित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल की उभरती मुक्केबाज दीपाली थापा की ओर से एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर मंगलवार को नैनीताल में विभिन्न संगठनों द्वारा उनका विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। इससे पूर्व इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने नगर में रैली के माध्यम से दीपाली थापा का भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात डीएसए मैदान के बास्केटबाल कोर्ट में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी वंदना सिंह ने दीपाली थापा का फ.ूल माला के स्वागत कर





उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बच्चों को खेल गतिविधियों से जोड्ने के लिए परिजनों को भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है साथ ही खेल गतिविधियों के लिए बच्चों को प्रेरित करना जरुरी है। कहा कि डीएसए मैदान में अन्य खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए संसाधन विकसित किए जा रहे हैं। बॉक्सिंग रिंग के लिए भी प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है। इस मौके पर नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट की ओर से जिलाधिकारी वंदना सिंह के माध्यम से 21 हजार रुपए धनराशि का प्रोत्साहन चैक दीपाली थापा को भेंट किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की ओर से भविष्य में भी खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर बिष्ट के साथ एसोसिएशन के महासचिव वेद साह आदि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में दीपाली की दादी कमला थापा, माता आशा थापा, पिता रणजीत सिंह थापा समेत पदश्री अनूप शाह, डीएसए महासचिव अनिल गडिया,इंडियन क्रिकेटर टीम सलेक्टर मुखर्जी निर्वाण, नवीन चंद्र टम्टा, एसडीएम प्रमोद कुमार समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। बता दें कि दुबई के अबूधाबी में सितम्बर में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीती जिसमें एशियन जूनियर बालिका में दीपाली थापा ने फ इनल मुकाबले में यूक्रेन की बाक्सर को 5-0 से हराकर जीत हासिल कर देश तथा प्रदेश का नाम रोशन किया। वर्तमान में दीपाली आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पूणे में सातवीं में अध्ययन कर रही हैं।

# पुलिस ने किया सिडकुल कर्मी के घर हुई चोरी का खुलासा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

दीपावली वाले दिन खेड़ा में गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में अज्ञात चोरों ने घर से लाखों के जेवर व नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि संतोष कुमार पुत्र राजाराम निवासी दुर्गा कॉलोनी जसपुर खुर्द थाना आईटीआई ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि वह वर्तमान में खेड़ा कालोनी रुद्रपुर में किराए के कमरे पर रहता है और सिडकुल की एक फैक्ट्री में जॉब करता है। बताया कि वह 31 अक्टूबर को वह दीपावली की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ अपने घर काशीपुर चला गया। त्यौहार मनाकर जब वह वापस आया तो उसे अपने ताले टूटे हुए मिले। घर से चोर सोने चांदी जेवरात, नगदी आदि



कीमती सामान चोरी कर लिया था। एसपी सिटी ने बताया कि खुलासा के लिए प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में टीम बनाई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम शाजेब खान पुत्र शमीम खान उर्फ गुंडडु निवासी वार्ड नंबर 17 खेड़ा बताया। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़ा गया चोर एक शातिर नकबजन है पूछताछ में उसने बताया कि वह नशे का आदी है अपने नशे की जरूरत को पूरी करने के लिए वह चोरी की घटना को अंजाम देता है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास चोरी गया सभी सामान को बरामद कर लिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी, कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार,ध्यान सिंह शामिल थे।

**चोरी के खुलासे में दो पुलिस कर्मियों की अहम भूमिका :** पुलिस सूत्रों के मुताबिक खेड़ा कालोनी में सिडकुल कर्मी के घर हुई चोरी में चौकी के दो पुलिस कर्मियों की भूमिका अहम रही। दोनों पुलिस कर्मियों ने खेड़ा कालोनी के अलावा अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

# बस हादसे में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

**श्रद्धांजलि**

- मटरगली व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बस हादसे पर की संवेदना व्यक्त
- घायलों के लिए जल्द स्वस्थ लाभ की कामना

मटरगली व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एक शोक सभा अयोजित की गई जिसमें बस हादसे में मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि के साथ प्रार्थना की गई।

मटरगली व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बस हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया बस सवार अपनी मंजिल के लिए गोलीखाल से रामनगर के लिए अपनी यात्रा के लिए बैठ गए सभी अपने त्योहारों को अपने परिवार के साथ मनाकर अपनी मंजिल के लिए जा रहे थे।

अचानक बस में कोई खराबी आ जाने की वजह से बस के हादसे को कोई नहीं रोक पाया बस गहरी खाई में जा गिरी जिसकी वजह से 36 यात्रियों की अकाल मृत्यु हो गई दिल को दहलाने वाले इस हदसे पर मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित कर मृत आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना की गई घायलों के लिए जल्द स्वस्थ लाभ की कामना प्रभु से की गई परिवार को साहस के साथ इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें शोक सभा में मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दह्नी, महामन्त्री अतुल गुप्ता, प्रेम चौधरी, मोइन बाबा,मनीष वर्मा, पंकज महाजन, लक्ष्मी नारायण, रोहित गौड, डॉ लक्ष्मण सिंह नेगी, त्रिलोक गुप्ता, आन सिंह पडियार, सौरभ सिंघल, परविंदर सिंह नागपाल डिंकी, वकार अहमद, संदीप सक्सेना, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, राकेश वाष्णेय, जसपाल सिंह लस्सी, मोहम्मद आरिफ,इरशाद सिद्दीकी, विनोद कुमार अग्रवाल, मुकुंद गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, राहुल दुआ, मनोज साहू,आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में फरियादियों ने कई समस्याएं दर्ज कराई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

तहसील दिवस का आयोजन हुआ। तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और तहसील दिवस में अपनी समस्याएं दर्ज कराई

तहसील दिवस में एसडीएम परितोष वर्माऔर तहसीलदार सचिन कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। लगभग 8-10 शिकायतें खाद विभाग की खाद विभाग के अधिकारी राहुल कुमार डांगी ने मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने अपनी समस्या को लेकर अनेक समस्या को लेकर अपने पत्र के माध्यम से समस्याओं को हल करने की मांग की।

पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर गोल गेट बाईपास स्थित नगर निगम के टीचिंग ग्राउंड से उठने वाला धुआं और बदबू सड़क पर फैला कूड़ा का मुद्दा उठाया। उन्होंने तहसील दिवस प्रभारी वह तहसील दिवस सचिव को अगवत कराया पुराना सिलेंडर हाउस नई बस्ती आजाद नगर हल्द्वानी में बनभूलपुरा चिकित्सालय बना है। सलमानी ने मांग की कि अस्पताल में सरकारी चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर की खराब पड़ी इसी लाइटों को ठीक करने की मांग रखी इंदिरा नगर छोटी सड़क वह इंदिरा नगर बड़ी सड़क दुर्गा मंदिर के आसपास खराब पड़ी स्टील लाइटों को ठीक करने की मांग रखी सलमान ने कहा कि कुछ स्टील लाइट दिन में ही जल रही है लाइट दिन में जल रही है उन्हें बंद करने की व्यवस्था करने की मांग रखी।

बरेली रोड शनि बाजार को जाने वाली सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे वह टूटी सड़क का निर्माण जल्द से जल्द करने की मांग रखी इंदिरा नगर बरसाती पर विधायक निधि से जो पैसा पास हुआ है जनता की समस्या पेयजल की हल करने की मांग रखी। तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने तहसील दिवस प्रभारी को बताया कि किसी की 1 महीने की तो किसी की 2 महीने की तो किसी की 3 महीने की समाज कल्याण विभाग से पेंशन रुकी है वह रुकी पेंशन दिलाने की मांग रखी। इस अवसर पर तुलसी देवी, तिलका देवी, विमला देवी, छोटी, नाजिया, नसरीन, मसरूर अहमद, इलियास अहमद, अनस सलमानी, मनीष खान, वकील अहमद. असलम खान शाहिद आदि शामिल थे।

### किशोरी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज

**नैनीताल।** तल्लीताल थाना क्षेत्र से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाना क्षेत्र से सोमवार को एक किशोरी लापता हो गई। उसके परिजनों ने शिकायत करते हुए कहा है कि उनकी पुत्री सोमवार की सुबह साढे छह बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। खोजबीन करने व परिचितों से पूछताछ के बाद भी कि शोरी का पता नहीं चल पाया है।

# बस दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा जनपद में हुई बस दुर्घटना में मरे लोगों की आत्मा की शांति के लिए राजपुरा में हेमन्त साहू के आवास के बाहर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गयी। शोक सभा आयोजित की। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस मौके युवा नेता हेमन्त साहू ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुऐ घटना जिम्मेदार परिवहन विभाग के अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुऐ राज्य



सरकार को घटना का जिम्मेदार ठहराया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ती प्रीति आर्या अनिता बाल्मीकि सुशील रॉय समीर कुमार एडवोकेट मुकेश सरकार सूरज मिस्त्री कन्हैया लाल निकिता बाला रेशमा बाल्मिकी कु,ऐंजल कु आरूषि समेत तमाम लोगों ने गहरा दुख जताया।

# घायलों से मिलने पहुंचे विधायक सुमित, हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने आज सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर अल्मोड़ा के मार्चुला में हुए भीषण सड़क दुर्घटना के घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर उपस्थित चिकित्सकों से विस्तारपूर्वक उपचार प्रक्रिया की जानकारी ली और घायलों के स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया।

सुमित हृदयेश ने घायलों के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने



कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं और उनके दर्द को समझते हैं। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि वे राज्य सरकार और प्रशासन से घायलों के समुचित उपचार और देखभाल के लिए तत्परता से कार्य करने का अनुरोध करेंगे। सुमित हृदयेश ने अस्पताल प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार से और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस मुलाकात से घायलों के परिजनों में थोड़ी राहत महसूस हुई और उन्हें सुमित हृदयेश की संवेदनशीलता और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे।